Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 10-03-2006

Participants : Virendra Kumar Shri

an>

Title : Need to construct Sagar Bamhari Rahli Tedukheda Jabalpur road under Pradhan Mantri Gramin Sadak Yojana for the purpose of connecting the National Highways No. 26 with NH-7 in Sagar Parliamentary Constituency, Madhya Pradesh.

श्री वीरेन्द्र कुमार (सागर) : उपाध्यक्ष महोदय,. मेरे संसदीय क्षेत्र सागर, म.प्र. से होकर जाने वाला राट्रीय राजमार्ग-26, का कश्मीर से कन्याकुमारी तक 4-लेन एक्सप्रेस हाईवे के रूप में उन्नयन होने जा रहा है। यह मार्ग अत्यंत ही महत्वपूर्ण है। सागर से नागपुर जाने वाले रास्ते पर बम्होरी तिगड्डा पड़ता है। इसके अलावा रहली पाटन, जबलपुर होकर जाने में मार्ग में 30 किलोमीटर की दूरी कम हो जाती है। वाराणसी से जो मार्ग रीवा-सतना-कटनी-जबलपुर राट्रीय राजमार्ग-7 है, वह इस मार्ग से जुड़ता है। अभी सागर से जबलपुर जाने के लिये दमोह होकर जाना पड़ता है। जाने में समय भी ज्यादा लगता है और पैसा भी ज्यादा खर्च होता है। मेरा आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि इन दोनों राजमार्गों क्रमशः 26 और 7 को सागर से बमौरी, रहलीपाटन से जबलपुर तक जोड़ने के लिये प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना अथवा सेंट्रल रोड फंड योजना में शामिल कर इस मार्ग को बनाने की व्यवस्था की जाये।